तत्काल
अत्यावश्यक

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : jdmpsamb@gmail.com Tel: 0755-4270561

क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉडयूल/2014–15/922 भोपाल दिनांक 04 सितम्बर 2015

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल को क्रियान्वित किये जाने संबंधी।

संदर्भः–दिनांक 17 अगस्त 2015 को सम्पन्न वीडियो कान्फ्रेंस एवं दिनांक 20 अगस्त 2015 को सम्पन्न हुई संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों की बैठक का कार्यवाही विवरण।

–0–

उल्लेखित विषय में प्रदेश की मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल क्रियान्वयन अंतर्गत आप नोडल अधिकारी एवं मण्डी के सचिव उप नोडल अधिकारी नियुक्त हैं एवं सुचारु संचालन कराने के लिये दायित्वपूर्ण हैं, परन्तु यह पाया गया है कि न तो अंचल की मण्डी समितियों के सचिव और न ही आपके द्वारा इस कार्य में अपेक्षित रुचि ली जा रही है। जिसके परिणाम स्वरुप आंचलिक कार्यालयों से मण्डी समितियों को जारी अनुज्ञा बुकों की एवं लायसेंसी व्यापारियों की सम्पूर्ण जानकारी (जो कि लगभग 33,618) है की प्रविष्टि का कार्य दिनांक 31 अगस्त 2015 तक पूर्ण नहीं हो पाया है और न ही प्रतिवेदन उपलब्ध कराया है। उपरोक्त स्थिति पर प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा अप्रसन्नता जाहिर करते हुये यह कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही दिनांक 01 अप्रेल 2015 से जारी किये गये अनुज्ञा पत्रों की सम्पूर्ण जानकारी दिनांक 15 सितम्बर 2015 तक दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं।

अतः उपरोक्त निर्देशों को गंभीरता से लेते हुये यह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित कर प्रतिवेदन उपलब्ध करायें ताकि वस्तुस्थिति से प्रबंध संचालक महोदय को अवगत कराया जा सके।

(ए0पी0एस0सीलंकी)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉडयूल/2014–15/923 भोपाल दिनांक 04 अगस्त 2015

<u>प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) उप संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(04) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
SU भोपाल